No. of Printed Pages/Questions: 4/13

# O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

## Half Yearly Examination (2019 – 2020)

**Class: IV** **MM: 80**

**Subject: Hindi** **Time: 2 Hrs.**

Name: ____________________ Class / Section: ________ Roll No.:__________

***Fifteen Minutes Extra will be for reading the Question Paper.***

***General Instructions:***

सामान्य निर्देश :–

(1) इस प्रश्न पत्र में चार खण्ड हैं– 'क' , 'ख', 'ग' और 'घ' ।

(2) चारों खण्ड अनिवार्य हैं।

(3) निर्धारित समय–सीमा 2.00 +15 घंटे हैं।

(खण्ड 'क')

**प्र0 1 नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** (2X3=6)

एक था लड़का। उसका नाम था आर्यन। वह एक छोटे–से शहर में अपनी माँ के साथ रहता था। आर्यन जब बहुत छोटा था तभी उसके पिता की मृत्यु हो गई थी। उसकी माँ मेहनत–मज़दूरी करके जीवन निर्वाह करती थी । एक बार गर्मियों की छुट्टियाँ थी। माँ ने आर्यन को पैसों की पोटली देते हुए कहा– "बेटा इस पोटली में कुछ पैसे हैं। इसमें से कुछ पैसे शहर जाकर दादी को दे देना। तथा कुछ अपने पास सँभाल कर रख लेना।" आर्यन ने पैसों की पोटली ज़ेब में रख ली माँ ने उसे रेलगाड़ी में बैठाते हुए सभी हिदायतें दीं। आर्यन मुस्करा कर बोला– " माँ ! मैं आपकी सभी बातों का ध्यान रखूँगा।"

क) लड़के का नाम क्या था ? वह किसके साथ रहता था ?

ख) माँ ने आर्यन को पैसों की पोटली देते हुए क्या कहा ?

ग) आर्यन और उसकी माँ का जीवन–निर्वाह कैसे होता था ?

**प्र0 2 नीचे दिए गए काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** (1X5=5)

हमारे उत्सव और त्योहार
देते खुशियाँ हमें अपार
मकर संक्रांति, पोंगल या खिचड़ी
या कहो लोहड़ी का त्योहार
रंग–बिरंगे द्वार सजकर
खूब बाँटते हैं उपहार।
हमारे उत्सव और त्योहार
देते खुशियाँ हमें अपार

वसंत–पंचमी, होली मतवाली
ईद, दीवाली, गुरुपर्व, क्रिसमस
रंगबिरंगे पहन वस्त्र
खूब मनाते हैं त्योहार।

क) त्योहार हमें क्या देते हैं ?

ख) द्वार कैसे हैं ?

ग) 'खुशी' का विलोम शब्द लिखिए।

घ) 'वस्त्र' का पर्यायवाची शब्द लिखिए।

ङ) इस कविता में किन–किन त्योहारों के नाम आए हैं ?

**(खण्ड 'ख')**

**प्र0 3 नीचे लिखे वाक्यों में सही (√) अथवा गलत (X) बताइए–** (1X5=5)

क) संस्कृत भाषा की लिपि गुरुमुखी है। ( )

ख) व्याकरण वह शास्त्र है जो व्याकरण के शुद्ध रूप का ज्ञान कराता है। ( )

ग) शब्दों के सार्थक समूह संज्ञा कहलाते हैं। ( )

घ) 'पाँच फूल' संख्यावाचक विशेषण का उदाहरण है। ( )

ङ) सर्वनाम के पाँच भेद हैं। ( )

**प्र0 4 नीचे दिए गए वाक्यों में उचित शब्द का चयन कर रिक्त स्थान भरिए–** (1X5=5)

क) –––––––– पौधों को पानी दे रही है। (माली / मालिन)

ख) 'लेखिका' का पुल्लिंग शब्द –––––––––– है। (लेखक / लेखकी)

ग) 'दवाई' का बहुवचन –––––––– है। (दवाइयाँ / दवाईयाँ)

घ) 'चूहे' का एकवचन ––––––– है। ( चुहिया / चूहा )

ङ) आकाश में –––––––– बादल छाए हैं। (काले / काली)

**प्र0 5 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** (1X5=5)

क) वाक्य किसे कहते हैं ?

ख) बहुवचन किसे कहते हैं ?

ग) संज्ञा किसे कहते हैं ?

घ) जातिवाचक संज्ञा का एक उदाहरण लिखिए।

ङ) विशेषण किसे कहते हैं ?

**(खण्ड 'ग')**

**प्र0 6 नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर उत्तर लिखिए–** (1X5=5)

बादशाह अकबर अपने मंत्री बीरबल को बहुत पसंद करते थे। बीरबल की बुद्धि के आगे बड़े–बड़ों की भी कुछ नहीं चल पाती थी। इसी कारण कुछ दरबारी बीरबल से जलते थे। वे बीरबल को मुसीबत

में फँसाने के तरीके सोचते रहते थे। अकबर के एक खास दरबारी ख्वाज़ा सरा को अपनी विद्या और बुद्धि पर बहुत अभिमान था। बीरबल को तो वे अपने सामने निरा बालक और मूर्ख समझते थे। लेकिन अपने ही मानने से तो कुछ होता नहीं। दरबार में बीरबल की ही तूती बोलती और ख्वाज़ा साहब की बात ऐसे लगती थी जैसे नक्कारखाने में तूती की आवाज़।

क) बादशाह अकबर किसको पसंद करते थे ?

ख) कुछ दरबारी बीरबल से क्यों जलते थे ?

ग) बीरबल को मुसीबत में फँसाने के लिए कौन सोचा करता था ?

घ) किसको अपनी विद्या और बुद्धि पर अभिमान था ?

ङ) दरबार में किसकी तूती बोलती थी ?

**प्र0 7 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** (2X7=14)

क) बीरबल ने तीसरे प्रश्न का क्या जवाब दिया ?

ख) दिनेश की माँ मशीन चलाते–चलाते क्या बोली ?

ग) पापा चौकीदार क्यों बनना चाहते थे ?

घ) 'दोस्त की पोशाक' पाठ से आपको क्या सीख मिलती है ?

ङ) नसीरूद्दीन कहाँ–कहाँ घूमने गए थे ?

च) पापा ने आइसक्रीम बेचने और शंटिंग करने के बारे में क्या सोचा ?

छ) दिनेश घर पर क्या कर रहा था ?

**प्र0 8 नीचे दिए गए पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** (1X5=5)

नाव बनाओ, नाव बनाओ।
भैया मेरे, जल्दी आओ ।।
वह देखो, पानी आया है,
घिर–घिर का बादल छाया है,
सात समुंदर भर लाया है,
तुम रस का सागर भर लाओ।
भैया मेरे, जल्दी आओ ।।
पानी सचमुच खूब पड़ेगा,
लंबी–चौड़ी गली भरेगा,
लाकर घर में नदी धरेगा,
ऐसे में तुम भी लहराओ।
भैया मेरे जल्दी आओ।।

क) इस कविता के पाठ का नाम लिखिए।

ख) इस कविता में बच्चा किसे पुकार रहा है ?

ग) बच्चा क्या दिखा रहा है ?

घ) कविता के अनुसार गली कैसी है ?

ङ) इस कविता में कितने समुद्र की बात की गई है ?

**प्र0 9 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** (2X6=12)

क) कवि ने गुल्लक के विषय में क्या कहा है ?

ख) 'नाव बनाओ–नाव बनाओ' कविता में किस ऋतु की बात की गई है ?

ग) 'नाव बनाओ–नाव बनाओ' कविता में क्या संदेश दे रही है ?

घ) साल के किन–किन महीनों में ज़्यादा बारिश होती है ?

ङ) बादल नदी नालों में बाढ़ कैसे लाते हैं ?

च) बादल ढोल कैसे बजाते हैं ?

**प्र0 10 मिलान कीजिए–** (1X4=4)

| | | |
|---|---|---|
| क) | हाथी से सूँड़ | लू |
| ख) | गरमीं का मौसम | बादल |
| ग) | रेलगाड़ी | जमाल साहब |
| घ) | भड़कीली अचकन | शंटिंग |

**प्र0 11 किसने, किससे कहा ?** (1X4=4)

क) ''ऐसे सवालों के ऐसे ही जवाब होते हैं।''

ख) ''अरे दिनेश ! तू सुनेगा नहीं, सब अपने–अपने घरों में सो रहे हैं और तू घूप में घूम रहा है।''

ग) ''चलो दोस्त मुहल्ले में घूम आएँ।''

घ) ''गलती हो गई। अब ऐसा नहीं कहूँगा।''

**(खण्ड 'घ')**

**प्र0 12 दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए–** (5)

मित्र के जन्मदिन पर नहीं पहुँच पाने के कारण क्षमा माँगते हुए पत्र लिखिए।

**अथवा**

अर्धवार्षिक परीक्षा की तैयारी का वर्णन करते हुए बड़े भैया को पत्र लिखिए।

**प्र0 13 कोई एक कहानी लिखिए।** (5)

––––00––––